हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 4 मार्च 2026

04 मिलावट का साया: भैरूंदा में मिठाईयों से दूध तक संदिग्ध...



07 कृषि उपज मंडी खुजनेर में नीलामी देर से शुरू होने...





## खबर संक्षेप

### गेहूं उपार्जन: किसान पंजीयन 7 मार्च तक

**सीहोर।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए किसान पंजीयन की अंतिम तिथि 7 मार्च है। खाद्य विभाग द्वारा जानकारी दी गई है कि किसानों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए अवकाश के दिनों में भी पंजीयन केंद्र खुले रहेंगे, ताकि सभी पात्र किसान अपना पंजीयन करा सकें। खाद्य विभाग द्वारा जारी निर्देशानुसार सिकमी, बटाईदार, कोटवार एवं वन पट्टाधारी किसान केवल सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं में स्थापित पंजीयन केंद्रों पर ही पंजीयन करा सकेंगे। जारी निर्देशानुसार वनाधिकार पट्टाधारी किसानों का वन पट्टा तथा सिकमी/बटाईदार किसानों का सिकमी/बटाई अनुबंध 2 फरवरी 2026 से पूर्व का पंजीकृत होना अनिवार्य होगा। पंजीयन के दौरान ई-उपार्जन पोर्टल पर मूल भू-स्वामी की सहमति, आधार नंबर एवं अन्य आवश्यक जानकारी दर्ज की जाएगी। ओटीपी सत्यापन के पश्चात ही पंजीयन मान्य होगा। पंजीयन केंद्र पर किसानों को आधार कार्ड, आधार से पंजीकृत मोबाइल नंबर एवं सिकमी/बटाई अनुबंध की प्रति साथ लाना आवश्यक होगा।

### बेटियां और महिलाएं दिखाएंगी अपना दम

**सीहोर।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में 9 मार्च को सुबह 10 बजे सीहोर के चर्च ग्राउंड पर माय भारत सीहोर एवं खेल विभाग द्वारा भारत सरकार की 'अस्मिता' पहल के अंतर्गत खेल कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि प्रतिवर्ष 08 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं में खेल संस्कृति को बढ़ावा देना और उन्हें शारीरिक फिटनेस के प्रति जागरूक करना है। कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से एथलेटिक्स (दौड़) प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा, जिनमें प्रतिस्पर्धी दौड़, मनोरंजक गतिविधियां, टग ऑफ वार (रस्साकशी) आदि शामिल हैं।

### जिले में होली के अलग-अलग रंग, सीहोर-आष्टा में बुधवार को मनी गेर, बुदनी-रेहटी में आज उड़ेगा रंग-गुलाल

# चंद्रग्रहण ने त्योहार पर लगाया ग्रहण, गेर निकालकर रंगोत्सव की शुरुआत, महादेव की होली की हो रही तैयारी





पंडित प्रदीप मिश्रा के सानिध्य में 5 मार्च को शहर में मनेगी महादेव की होली। स्थानीय समितियों ने ग्रहण के मान को देखते हुए आज का दिन उत्सव के लिए चुना है, जिससे पूरे जिले में लगातार दूसरे दिन भी होली की खुमारी देखने को मिलेगी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

खगोलीय घटना और तिथियों के फेरबदल के बीच इस वर्ष जिले में होली का पर्व अलग-अलग परंपराओं के साथ मनाया जा रहा है। जहां जिला मुख्यालय और आष्टा में मंगलवार को ही गेर निकालकर रंगोत्सव की शुरुआत हो गई, वहीं बुधनी, रेहटी और शाहगंज क्षेत्रों में बुधवार को रंगों का मुख्य जश्न मनाया जाएगा। बता दें इस वर्ष जिले में सबसे बड़ा आयोजन 5 मार्च को होने जा रहा है। जिला मुख्यालय पर कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के नेतृत्व में महादेव की होली मनाई जाएगी। इस आयोजन को लेकर भक्तों और शहरवासियों में खासा उत्साह है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर गुलाल महादेव संग होली खेलेंगे।

#### चंद्रग्रहण: सूतक के साए में बदला मुहूर्त

बीते कई दिनों से चंद्रग्रहण और भद्रा को लेकर तिथियों पर असमंजस बना हुआ था। हालांकि मंगलवार तडक़े शुभ मुहूर्त में होलिका दहन के साथ ही संशय दूर हुआ। सीहोर शहर के कस्बा, बाजार और मंडी क्षेत्रों सहित आष्टा में मंगलवार को ही गैर की होली मनाई गई, जबकि बुधनी और रेहटी क्षेत्र में ज्योतिषीय गणनाओं के आधार पर बुधवार को गेर सहित रंग-गुलाल उड़ाया जाएगा। जिला मुख्यालय की प्राचीन परंपरा का निर्वहन करते हुए मंगलवार को समाजजनों की टोलियां उन घरों में पहुंचीं, जहां बीते एक वर्ष में किसी परिजन का निधन हुआ था। शोक संतप्त परिवारों को गुलाल लगाकर समाज की मुख्यधारा में शामिल किया गया और उनके दुख को साझा किया गया।



#### आज जिले भर में उत्साह का माहौल

बुधनी और शाहगंज बेल्ट में आज सुबह से ही ढोल धमाकों के साथ हुरियारों की टोलियां निकलेंगी। स्थानीय समितियों ने ग्रहण के मान को देखते हुए आज का दिन उत्सव के लिए चुना है, जिससे पूरे जिले में लगातार दूसरे दिन भी होली की खुमारी देखने को मिलेगी।

#### सीहोर सांस्कृतिक मंच ने नागरिकों से की होली का पर्व उत्साह से मनाने की अपील

नगर की धार्मिक सामाजिक सांस्कृतिक गतिविधियों की सक्रिय अग्रणी संस्था सीहोर सांस्कृतिक मंच ने समस्त नगर वासियों को होली पर्व की शुभकामनाएं देते हुए पर्व को उत्साह से बनाने की अपील संस्था के अध्यक्ष आशीष गुप्ता ने की है और कहां है कि आगामी पांच मार्च को हर साल की तरह इस साल भी अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के आह्वान पर शहर के चमत्कालेश्वर महादेव मंदिर से निकाले जाने वाली महादेव की होली की भी तैयारियां संस्था सीहोर सांस्कृतिक मंच द्वारा की जा रही है । श्री गुप्ता ने समस्त नगर वासियों एवं सनातन धर्म प्रेमियों और क्षेत्रवासियों से महादेव की होली आस्था और उत्साह के साथ मनाए जाने के साथ गुलाल और फूलों से होली में शामिल श्रद्धालुओं का स्वागत करने की अपील की है।

### अनोखी होली : ग्रामीणों ने ली शराब छोड़ने की शपथ



**सीहोर।** होली के पावन पर्व पर मध्य प्रदेश के सीहोर जिले के तीन गांव चंदेरी, रामाखेड़ी एवं कुलासखुर्द की धरती पर एक अनोखा और प्रेरणादायक कार्य किया गया। इन गांवों के किसानों ने पारंपरिक होली दहन किया, बल्कि इस दहन के साथ ही नशे और शराब को जलाने का संकल्प भी लिया गया। किसान व समाजसेवी एमएस मेवाड़ा के नेतृत्व में कार्यक्रम में सैकड़ो किसानों ने एक जुटता के साथ शराब छोड़ने की शपथ ली और नशा मुक्त समाज बनाने का निर्णय लिया। किसानों का कहना था कि जब होली दहन में बुराइयां को जलाया जाता है तो हमें भी कुछ त्याग करना चाहिए। आज हम शराब जैसी बुराइयों को त्यागने की शपथ लेते हैं । कार्यक्रम की शुरुआत होली दहन के साथ हुई तीनों गांव के किसान एक जूट होकर होली की अग्नि में नशे और शराब के प्रतिक को जलाया। तत्पश्चात सभी उपस्थित किसानों ने सामूहिक रूप से शपथ ली कि आज के बाद हम सब उपस्थित किसान शराब नहीं पियेंगे। हम अपने परिवार और समाज को नशा मुक्ति रखेंगे। इस शपथ ग्रहण में विशेष रूप से शामिल रहे किसान रमेश चंद वर्मा, राम सिंह मेवाड़ा, मोतीलाल मेवाड़ा, अचल सिंह, पदम सिंह, बटन सिंह, जसराज सिंह, नरेश, विकास, रूप सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण किसान उपस्थित रहे। इस मौके पर किसान व समाजसेवी एम.एस. मेवाड़ा ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि होली केवल रंगों का त्यौहार नहीं बल्कि बुराइयों को जलाने और अच्छाईयों की नई शुरुआत का प्रतीक है। आज हमने शराब जैसी लत को जलाया है। यह शपथ लेकर शब्द नहीं बल्कि जीवन बदलने का संकल्प है। हम चाहते हैं कि हमारे गांव नशा मुक्त हो, जिससे कि बच्चे सुरक्षित और परिवार खुशहाल हो मेवाड़ा ने कहा कि किस समाज में शराब की लत ने कई परिवारों को बर्वाद किया है और जब समय आ गया कि हम खुद बदलाव लाएं।

### पुलिस की सक्रियता से चोरी का हुआ खुलासा



**सीहोर।** सोमवार को फरियादी वैभव पात्रीकर पिता प्रदीप पात्रीकर निवासीहाल चौपाटी आष्टा द्वारा थाना सिद्दीकगंज में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि वह प्राइवेट कंपनी में काम करता है उसकी कंपनी द्वारा झारखेड़ी रोड में पाइप का गोडाउन है। उक्त गोदाम से रात्री में लगभग 210 नग डीआई पाइप कीमत करीब 18 लाख अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिए हैं। उक्त रिपोर्ट पर एनएस कायम किया गया। प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनिता रावत के निर्देश एवं एसडीओपी दामोदर गुप्ता के मार्गदर्शन में थाना सिद्दीकगंज पुलिस द्वारा मुखबिर सूचना एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर त्वरित कार्यवाही करते हुए दो संदेहियों को रामपुरा बढ़ कन्नौद रोड से पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ किए जो अपने अपने नाम आस मोहम्मद पिता इस्लाम खान, उम्र 46 वर्ष, निवासी बुबलेडी, थाना पिनहुआ, जिला नूंह हरियाणा, ताहीर पिता सुमेर खान, उम्र 45 वर्ष, निवासी बुबलेडी, थाना पिनहुआ, जिला नूंह हरियाणा होना बताया। कब्जे से चोरी गए पाइप और कंटेनर सहित कुल कीमती लगभग 38 लाख का जप्त किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी गिरीश दुबे थाना आष्टा, निरीक्षक राजू सिंह बघेल, उनि सूरज परिहार, सउनि अशोक दुबे, आरक्षक 763 काव सिंह रावत, आरक्षक 762 सुरेन्द्र राणा, आरक्षक 214 जीवन जामले, आरक्षक 793 हरिश डोडियार, आरक्षक 284 राजेश राजपूत एवं सैनिक 115 महेश वर्मा का योगदान रहा।

## आग बुझाने व पानी पिलाने के लिए विधायक ने दिया फाइटर टैंकर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



गर्मी के दिनों में क्षेत्र में होने वाली आगजनी की घटनाओं के रोकथाम और सार्वजनिक कार्यक्रमों में नागरिकों को पानी उपलब्ध कराने के लिए विधायक सुदेश राय ने ग्राम पंचायत हिनौती को फाइटर पानी का टैंकर प्रदान किया। विधायक कार्यालय में ग्राम पंचायत के लिए फाइटर पानी का टैंकर प्राप्त करने पहुंचे सरपंच रघुनाथ सिंह दांगी और पंचो सहित ग्रामीणों ने विधायक सुदेश राय का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत कर ग्राम पंचायत को फाइटर टैंकर उपलब्ध कराने पर आभार व्यक्त किया। इस शुभ अवसर पर विधायक सुदेश राय ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर,सांसद आलोक शर्मा ग्रामीण विकास के लिए लगातार प्रयासरत हैं। ग्राम वासियों को सभी प्रकार की सुविधा भाजपा सरकार के द्वारा उपलब्ध कराई जा रही हैं। ग्राम पंचायत हिनौती के लिए फाइटर पानी टैंकर उपयोगी सिद्ध होगा। फसल के साथ घर मकान दुकानों में लगने वाली आग को बुझाने सहित ग्राम पंचायत क्षेत्र में होने वाले सामाजिक धार्मिक राजनीतिक कार्यक्रमों में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं सामाजिक कार्यकर्ताओं को भी पीने का पानी उपलब्ध कराने में भी फाइटर पानी का टैंकर काम आएगा। टैंकर में पानी सप्लाई के लिए मोटर भी लगी हुई है जिससे कि किसी प्रकार की कोई भी परेशानी ग्राम पंचायत को नहीं होगी।

### निजी स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 13 मार्च से

**सीहोर।** शिक्षा का अधिकार (RTE) अधिनियम के अंतर्गत सत्र 2026–27 में निजी स्कूलों की प्रथम प्रवेशित कक्षा में निःशुल्क प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 13 मार्च 2026 से प्रारंभ होंगे। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 28 मार्च निर्धारित की गई है। आरटीई पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन पत्र का प्रारूप एवं निर्देश उपलब्ध कराये गए हैं। निजी विद्यालय में निःशुल्क प्रवेश के लिए आवेदकों का चयन, ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से 2 अप्रैल 2026 को किया जायेगा। संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र हरजिंदर सिंह ने बताया कि शिक्षा का अधिकार (RTE) अधिनियम के अंतर्गत सत्र 2026–27 में निजी स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश के लिए समय-सारिणी भी जारी कर दी गई है। साथ ही सभी जिला कलेक्टरों एवं संबंधित अधिकारियों को विस्तृत निर्देश भी प्रदान किए गए हैं। समय-सारिणी एवं दिशा निर्देश आर.टी.ई. पोर्टल पर भी उपलब्ध हैं। सत्र 2026-27 के लिए जारी समय सारिणी के अनुसार, निःशुल्क प्रवेश के लिए मान्यता प्राप्त अशासकीय स्कूलों एवं उनमें उपलब्ध कक्षा की सीट्स का पोर्टल पर प्रदर्शन दिनांक 09 मार्च 2026 से किया जाएगा। वहीं वंचित समूह एवं कमजोर वर्ग के आवेदक अपना आवेदन, ऑनलाइन प्रक्रिया से 13 मार्च से 28 मार्च 2026 के बीच जमा कर पंजीयन कर सकते हैं। फार्म के साथ पात्रता सम्बंधित कोई भी एक दस्तावेज अपलोड करना होगा। ऑनलाइन आवेदन के पश्चात आवेदकों को इसी अवधि में त्रुटि सुधार का अवसर भी मिलेगा। 14 मार्च से 30 मार्च की अवधि में दस्तावेजों का सत्यापन संबंधित संकुल केन्द्र वाले स्कूल में अधिकृत सत्यापनकर्ता अधिकारी से करवाना होगा।

## मेवाड़ा राजपूत समाज ने बदली परंपरा होली पर दिखावे और फिजूलखर्ची को रोकने बैठक में लिया सामूहिक निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



समाज में बढ़ती प्रतिस्पर्धा और आर्थिक बोझ को कम करने की दिशा में मेवाड़ा राजपूत समाज ने मिसाल पेश की है। जिले के चन्देरी सहित करीब 15 गांवों के समाज बंधुओं ने सामूहिक निर्णय लेते हुए होली के पर्व पर बताशे और बर्तन देने की दशकों पुरानी परंपरा को पूरी तरह बंद कर दिया है। समाज का मानना है कि यह कदम न केवल फिजूलखर्ची रोकेगा, बल्कि समाज के आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को संबल भी प्रदान करेगा।

मेवाड़ा राजपूत समाज के जिला अध्यक्ष नारायण सिंह पटेल एवं समाजसेवी एमएस मेवाड़ा ने बताया कि होली पर गमी वाले परिवारों के यहां रिश्तेदारों को बर्तन और बताशे देने की रीत एक सामाजिक बोझ बनती जा रही थी। इसे बंद करने का निर्णय समाज की एकजुटता और प्रगति को ध्यान में रखकर लिया गया है। पदाधिकारियों के अनुसार इस प्रथा से अनावश्यक दिखावा बढ़ रहा था, जिसे अब तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दिया गया है।समाज में हित में लिया निर्णयसमाजजनों ने बताया कि इस प्रथा के चलते समाज में मध्यम और गरीब परिवारों को अनावश्यक खर्च से बचाना। ऊंच नीच और दिखावे की प्रतिस्पर्धा को खत्म कर सरलता लाना। नई पीढ़ी को फिजूलखर्ची के बजाय रचनात्मक कार्यों के लिए प्रेरित करना। सामाजिक एकता को मजबूत कर मिसाल पेश करना है। इन गांवों ने लिया संकल्पइस मुहिम में ग्राम चन्देरी, रायपुरा, फंदा, कोडिय़ा, बिलकिसगंज, छापरी, सेवनिया, बड़वेली, थूना, खामलिया, चोन्डी, तज, अमरौद, रामाखेड़ी और अल्हादाखेड़ी जैसे गांवों के ग्रामीणों ने अपनी सहमति दी है। समाज के इस फैसले की चारों ओर सराहना हो रही है।

### चंद्र ग्रहण: दोपहर 3.20 बजे से सड़कों पर दिखा लॉकडाउन सा नजारा

# शाम 6.25 बजे से 22 मिनट तक लाल दिखा चंद्रमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

होली के उल्लास के बीच मंगलवार को जिलेवासियों ने एक अद्भुत खगोलीय घटना का नजारा देखा। पूर्ण चंद्रग्रहण के चलते दोपहर से ही जिले में कफ्र्यू जैसा माहौल नजर आया। दोपहर 3.20 बजे से जैसे ही ग्रहण की हलचल शुरू हुई, सडक़ों पर सन्नाटा पसर गया। नजारा कुछ ऐसा था जैसे कोविड-19 के समय लॉकडाउन लगा हो। हालांकि जरूरी काम के लिए लोग बाहर निकले और कुछ दुकानें भी खुली रहीं, लेकिन आम दिनों की तुलना में चहल-पहल बेहद कम रही। जिले के आसमान पर शाम को 'ब्लड मून' यानी तांबे जैसा लाल चंद्रमा दिखाई दिया। विशेषज्ञों के अनुसार यह पूर्ण चंद्रग्रहण था, लेकिन सीहोर सहित देश के कई हिस्सों में यह अपने अंतिम चरण (ग्रस्तोदय) में दिखा। शाम 6.25 बजे जैसे ही चंद्रोदय हुआ,



लोगों को लाल चंद्रमा नजर आया। जिलेवासियों को इस खगोलीय घटना को देखने के लिए मात्र 22 मिनट का समय मिला, क्योंकि शाम 6.47 बजे ग्रहण का प्रभाव समाप्त हो गया।

#### इसलिए लाल दिखाई दिया चांद


वैज्ञानिकों के अनुसार जब चंद्रमा पृथ्वी की पूर्ण छाया से गुजरता है, तो पृथ्वी का वायुमंडल सूर्य की नीली रोशनी को बिखेर देता है और केवल लाल प्रकाश ही चंद्रमा तक पहुंच पाता है। इसी कारण ग्रहण के दौरान चंद्रमा गहरे लाल या तांबे के रंग का दिखाई देता है, जिसे विज्ञान की भाषा में ब्लड मून कहा जाता है।

#### नग्न आंखों से सुरक्षित रहा दीदार

विशेषज्ञों ने पहले ही स्पष्ट कर दिया था कि चंद्रग्रहण को नग्न आंखों से देखना पूरी तरह सुरक्षित है। इसके लिए किसी विशेष फिल्टर की आवश्यकता नहीं थी, इसलिए शाम होते ही कई लोग अपने घरों की छतों से इस दृश्य को देखने पहुंचे। दोपहर 4.34 से 5.32 बजे तक पूर्ण ग्रहण की स्थिति रही, लेकिन जिले में चंद्रोदय देरी से होने के कारण शाम 6.25 बजे अंतिम हिस्सा ही दिखाई दे सका।

## खबर संक्षेप

### मुनि भूतबलि सागर का समाधि दिवस 5 मार्च को



**आष्टा।** नगर के जन जन में धर्म की अलख जगाने वाले युवाओं को सदमार्ग दिखाने वाले समाधि सम्राट मुनि श्री भूतबलि सागर जी महाराज का द्वितीय समाधि दिवस हिंदी तिथि के अनुसार कल चैत्र कृष्ण दूज 5 मार्च गुरुवार को समाज द्वारा बड़े भक्ति भाव के साथ मनाया जाएगादिगम्बर जैन पंचायत समिति के श्री शरद जैन ने हमे बताया कि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य समाधि सम्राट पूज्य मुनि श्री भूतबलि सागर जी महाराज का द्वितिय समाधि दिवस पूज्य मुनि विश्वसुर्य सागर जी मुनि श्री साध्य सागर जी महाराज व बाल ब्रम्हचारिणी मंजुला दीदी के कुशल निर्देशन में गुरु भक्तों के द्वारा मुनि श्री की समाधि स्थल दिव्योदय जैन तीर्थ किला पर पूर्ण भक्ति भाव के साथ मनाया जाएगा पूज्य मुनि श्री की हिंदी तिथि के अनुसार चैत्र कृष्ण दूज दिनांक 26 मार्च 2024 को आष्टा के दिव्योदय जैन तीर्थ किला पर समतापूर्वक समाधि मरण हुआ था समाधि दिवस के आयोजन में देश भर से गुरुभक्तों के आने के समाचार प्राप्त हुए है मुख्य आयोजन के अंतर्गत 5 फरवरी से मंगलास्टक पाठ नित्य शान्तिधारा अभिषेक,श्री पंचपरमेष्ठी महामण्डल विधान पूजन व गुरु गुणानुवाद पूजन सम्पन्न होगी व पूज्य मुनि संघ व मंजुला दीदी के मंगल आशीष वचन प्राप्त होंगेदिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष आनंद जैन व महामन्त्री कैलाश जैन चित्रलोक मुनि सेवा समिति के प्रमुख सन्दीप जैन नीलबड़ धीरज जैन नीलबड़ अरिहन्त जैन विकाश जैन अक्षय जैन आदि ने आयोजन में सपरिवार सहभागिता कर पुण्य अर्जन करने की विनती समाज जनो से की है।

### खाद्य विभाग की लापरवाही से बढ़ रही मिलावटखोरी

# मिलावट का साया: भैरूंदा में मिठाईयों से दूध तक संदिग्ध, जिम्मेदार विभाग मौन

बाजार में इन दिनों मावा, खोया, रंग-बिरंगी मिठाइयां, नमकीन और विशेष होली पैकेज की बिक्री चरम पर है। दुकानों पर आकर्षक पैकिंग, छूट और ऑफर्स के जरिए ग्राहकों को लुभाया जा रहा है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा

रंग, गुलाल और उल्लास के महापर्व होली की आहट के साथ नगर के बाजार भले ही रौनक से सराबोर हों, लेकिन इस चकाचौंध के पीछे मिलावटखोरी का कड़वा सच सामने आ रहा है। शहर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में मिठाइयों और दूध की गुणवत्ता को लेकर गंभीर शिकायतें उठने लगी हैं। नागरिकों का आरोप है कि त्योहारों के दौरान मिलावटखोर बेखौफ सक्रिय हो जाते हैं और जिम्मेदार विभाग औपचारिक कार्रवाई तक सीमित रह जाता है। नगर के प्रमुख बाजारों में इन दिनों मावा, खोया, रंग-बिरंगी मिठाइयां, नमकीन और विशेष होली पैकेज की बिक्री चरम पर है। दुकानों पर आकर्षक पैकिंग, छूट और ऑफर्स के जरिए ग्राहकों को लुभाया जा रहा है। लेकिन उपभोक्ताओं का कहना है कि चमक-दमक के पीछे गुणवत्ता से समझौता किया जा रहा है। कृत्रिम रंगों का उपयोग, मिलावटी मावा और घटिया तेल में तैयार मिठाइयों की आशंका जताई जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों से भी ऐसी शिकायतें सामने आई हैं कि कम दाम में बिक रही मिठाइयों का स्वाद तो है, पर शुद्धता संदिग्ध है। लोगों का कहना है कि त्योहार की मिठास कहीं सेहत पर भारी न पड़ जाए।

### आरोप: विभाग करता है खानापूर्ती

नागरिकों ने यह भी आरोप लगाया है कि हर बड़े पर्व चाहे रक्षाबंधन हो, दीपावली हो या होली के समय कुछ दुकानों से नमूने लेकर खानापूर्ति कर ली जाती है। जांच रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की जाती और दोषियों पर ठोस कार्रवाई के उदाहरण भी सामने नहीं आते। इस बार भी अब तक लिए गए सैंपलों और जांच की स्थिति को लेकर पारदर्शिता का अभाव दिख रहा है। इससे आमजन के मन में अविश्वास की भावना बढ़ रही है।



**भैरूंदा।** जांच के नाम पर खानापूर्ती करने कभी कभार ही नजर आता है खाद्ययविभाग का अमला।

### लोगों को मिलावट की आशंका

मामला केवल मिठाइयों तक सीमित नहीं है। शहर की डेयरियों और किराना दुकानों पर बिक रहे पैकेटबंद दूध को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। कई उपभोक्ताओं ने शिकायत की है कि दूध पहले जैसा गाढ़ा नहीं रहा और उसमें मिलावट की आशंका है। पानी, स्टार्च या अन्य पदार्थ मिलाए जाने की चर्चाएं आम हैं। कुछ पैकेटों पर निर्माण तिथि और वैधता अवधि स्पष्ट रूप से अंकित नहीं होने की शिकायतें भी सामने आई हैं, जिससे उपभोक्ता असमंजस की स्थिति में हैं। बच्चों की सेहत को लेकर अभिभावकों में चिंता बढ़ी है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि मिलावटी दूध और खाद्य पदार्थ लंबे समय में पाचन संबंधी समस्याएं, एलर्जी और अन्य गंभीर बीमारियों का कारण बन सकते हैं। ऐसे में उपभोक्ताओं को भी सतर्क रहना होगा। दूध की प्राथमिक जांच के लिए कुछ सामान्य घरेलू तरीके अपनाए जा सकते हैं। स्टील की तिरछी सतह पर दूध की एक बूंद डालने पर यदि वह धीरे-धीरे बहे और सफेद निशान छोड़े तो वह अपेक्षाकृत शुद्ध माना जाता है। दूध को बराबर मात्रा में पानी के साथ हिलाने पर अत्यधिक झाग बने तो डिटर्जेंट की आशंका हो सकती है। आयोडीन की बूंद डालने पर रंग नीला पड़ जाए तो स्टार्च की मिलावट का संकेत मिलता है। हालांकि अंतिम और प्रमाणिक जांच प्रयोगशाला परीक्षण से ही संभव है।

### दोषियों के खिलाफ हो कार्रवाई

नगरवासियों ने मांग की है कि खाद्य सुरक्षा विभाग त्योहारों के मद्देनजर औचक निरीक्षण तेज करे, नियमित सैंपलिंग सुनिश्चित करे और जांच रिपोर्ट समयबद्ध तरीके से सार्वजनिक करे। दोषियों के खिलाफ सख्त दंडात्मक कार्रवाई ही मिलावटखोरी पर अंकुश लगा सकती है।

#### जानकारी दी जाएगी

आप के माध्यम से मामला संज्ञान में आया है, कार्रवाई के लिए खाद्य विभाग को जानकारी दी जाएंगी।

**सुधीर कुशवाह,** एसडीएम भैरूंदा

# किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष बने राजेश पंवार

### वार्ड 11 में जश्न का माहौल



हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा

नगर के वार्ड क्रमांक 11 में रविवार को उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला, जब भाजपा नेता राजेश पंवार को पार्टी के किसान मोर्चा का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किए जाने की घोषणा हुई। जैसे ही यह समाचार क्षेत्र में पहुंचा, समर्थकों और रहवासियों में खुशी की लहर दौड़ गई। ढोल-नगाड़ों की गूंज और आतिशबाजी के बीच बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उनके निवास पर एकत्रित हुए और बधाइयों का सिलसिला देर तक चलता रहा।
समर्थकों ने साफा बांधकर एवं पुष्पमालाएं पहनाकर उनका आत्मीय स्वागत किया। शाल, श्रीफल और पुष्पगुच्छ भेंट कर शुभकामनाएं दी गईं। वार्डवासियों ने इसे क्षेत्र के लिए गौरव का क्षण बताते हुए कहा कि संगठन में स्थानीय कार्यकर्ता को प्रदेश स्तर पर जिम्मेदारी मिलना पूरे नगर के लिए सम्मान की बात है। लोगों ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में किसानों की समस्याओं और मुद्दों को प्रदेश स्तर पर प्रभावी ढंग से उठाया जाएगा। कार्यकर्ताओं ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का किसान मोर्चा लंबे समय से किसानों और ग्रामीण हितों की आवाज को सशक्त बनाने का कार्य करता रहा है। ऐसे में प्रदेश उपाध्यक्ष के रूप में नई जिम्मेदारी मिलने से संगठन को मजबूती मिलेगी तथा क्षेत्र के किसानों को भी सीधा लाभ पहुंचेगा। उपस्थित पदाधिकारियों ने कहा कि यह नियुक्ति संगठन के प्रति वर्षों की निष्ठा और सक्रियता का परिणाम है। मंगलवार को राजेश पंवार सहित भाजपा के कई नेता भोपाल स्थित निवास पर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से शिष्टाचार भेंट करने पहुंचे। इस अवसर पर सभी ने केंद्रीय मंत्री को जन्मदिवस की शुभकामनाएं दीं। वहीं किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त होने पर श्री पंवार को भी बधाई दी गई। केंद्रीय मंत्री ने उन्हें नवीन दायित्व को पूरी निष्ठा, समर्पण और संगठनात्मक अनुशासन के साथ निभाने की सीख दी। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक रमाकांत भार्गव, पूर्व जिलाध्यक्ष रवि मालवीय, जिला महामंत्री जितेंद्र गौड़, नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर, अमर सिंह पूर्व चेयरमैन, देवी सिंह दुर्वे, निर्मला बरेला सहित पंकज पंवार, पवन मीणा, रमेश बरेला मंडल अध्यक्ष और अन्य भाजपा पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने संगठन की मजबूती और किसान हितों के संरक्षण के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प दोहराया। प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने के बाद राजेश पंवार ने संगठन के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह दायित्व विश्वास और जिम्मेदारी दोनों है, जिसे वे पूरी निष्ठा से निभाएंगे। उन्होंने बताया कि भोपाल प्रवास के दौरान केंद्रीय कृषि मंत्री से मुलाकात कर उन्होंने सभी साथियों के साथ धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसान मोर्चा के माध्यम से प्रदेश के किसानों की समस्याओं, मांगों और हितों को प्राथमिकता के साथ उठाया जाएगा। संगठन की रीति-नीति के अनुरूप कार्य करते हुए किसानों और ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए सतत प्रयास किए जाएंगे।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की समस्याओं को लेकर जिलाधीश से मिला संघ

**देवास।** आंगनबाड़ी संघ के पदाधिकारी के डेलीकेट ने प्रदेश महामंत्री रंजना राणा के नेतृत्व में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की समस्याओं के लिए कलेक्टर ऋतुराज सिंह से भेंट की। जिसमें बताया कि आगामी जनगणना का कार्य प्रारंभ होने जा रहा है पूर्व में जब जनगणना का काम हुआ था तो आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की ड्यूटी उसमें लगाई गई थी लेकिन आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को उसका कोई मानदेय नहीं दिया गया और शिक्षकों के खाते में राशि वितरण हुई थी। यदि जनगणना के कार्य में कार्यकर्ताओं की ड्यूटी लगाई जाती है तो उन्हें शिक्षकों के समान ही मानदेय दिया जाए।

# कमलापुर भगोरिया मेले में उमड़ा जनसैलाब ढोल-मांदल की गूंज में रंगा पूरा अंचल

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



बाहुल्य आदिवासी क्षेत्रों में आयोजित पारंपरिक भगोरिया हाट के दौरान भगोरिया महोत्सव ऐतिहासिक उत्साह, ऊर्जा और व्यापक जनसहभागिता के साथ संपन्न हुआ। इसी उत्साह के चलते सोमवार को कमलापुर भगोरिया पर्व उत्सव में तब्दील नजर आया। जहां संस्कृति, परंपरा और संगठन शक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। ढोल-मांदल की गूंजती थाप, बांसुरी की मधुर तान, महुआ की मादक खुशबू और बौराए आम की महक के बीच आदिवासी अंचल होली के रंग में सराबोर हो उठा। पारंपरिक वेशभूषा में सजे युवक-युवतियों के मनमोहक नृत्य ने माहौल को सांस्कृतिक गौरव से भर दिया। आदिवासी समाज के मुकेश वास्केल ,नंदू रावत, भगवान सिंह कासलीवाल, खुशी लाल राठौर आदि ने बताया कि भगोरिया केवल सांस्कृतिक आयोजन ही नहीं रहा, बल्कि सामाजिक एकता और संगठन शक्ति का प्रभावी प्रदर्शन भी बना। वहीं पूर्व विधायक पहाड़सिंह कन्नोजे ने बताया कि यह सांस्कृतिक पहचान का पर्व है ,जहां-जहां हाट लगता है, वहां वर्ष में एक दिन भगोरिया उत्सव का आयोजन होता है। यह पर्व होली से सात दिन पूर्व प्रारंभ होकर होली दहन के दिन संपन्न होता है। अंचल में लगभग चार दर्जन स्थानों पर भगोरिया मेले लगते हैं।हालांकि वर्तमान स्थिति में रोजगार की तलाश में क्षेत्र की बड़ी आबादी अन्य राज्यों में पलायन कर जाती है, लेकिन भगोरिया के अवसर पर वे अपने गांव अवश्य लौटते हैं। इस प्रकार यह पर्व परिवारों और समाज को जोड़ने का सशक्त माध्यम बन जाता है। सात दिनों तक चलने वाले इस उत्सव में ढोल, मांदल और बांसुरी की थाप पर पारंपरिक नृत्य होते हैं। कमलापुर में कालु गुर्जर, गिरधर परमार सहित अन्य समाज जनों द्वारा जगह-जगह पर ढोल मांदल प्रमुखों का साफा बांधकर स्वागत किया गया। इस दौरान थाना प्रभारी सर्जन सिंह मीणा भी उपस्थित रहे।

### पिंकी दीक्षित का निधन



**सीहोर।** विठलेश सेवा समिति के मीडिया प्रभारी एवं पत्रकार मनोज दीक्षित मामा की अर्धांगिनी और प्रियांशु दीक्षित की माता श्रीमति पिंकी दीक्षित का मंगलवार को आकस्मिक निधन हो गया है। जिनकी अंतिम यात्रा बुधवार को सुबह 10 बजे उनके निज निवास जीवन वाटिका कॉलानी बडिय़ाखेड़ी से इंदिरा नगर शमशान जाएगी। उनके निधन पर पत्रकारों ओर विशिष्टजनों ने शोक व्यक्त किया है।

# 1.5 करोड़ का सोना लेकर कारीगर परिवार सहित फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



शहर में एक कारीगर कथित तौर पर करीब 1 किलोग्राम सोना, जिसकी कीमत लगभग डेढ़ करोड़ रुपये बताई जा रही है, लेकर फरार हो गया है। यह कारीगर पिछले करीब 35 वर्षों से शहर में सोने-चांदी की कारीगरी का काम कर रहा था। मामले को लेकर सर्राफा व्यापारी एसोसिएशन के सदस्यों ने कोतवाली थाने में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है।सर्राफा व्यापारी एसोसिएशन के उपाध्यक्ष देवेंद्र सोनी ने बताया कि अफसर पिता असगर अली, निवासी देवास सराफा, लंबे समय से शहर के कई व्यापारियों के लिए सोने के जेवरात तैयार करने का काम करता था। वह विभिन्न दुकानदारों से सोना लेकर आभूषण बनाने का कार्य करता था। सोनी के अनुसार अफसर अली अपने परिवार के साथ 1 मार्च 2026 की मध्यरात्रि से गायब है। उसके और उसके परिवार के सदस्यों के मोबाइल फोन भी बंद आ रहे हैं, जिससे व्यापारियों की चिंता बढ़ गई है।बताया जा रहा है कि कारीगर के पास इस समय शहर के करीब 15 से 20 व्यापारियों का लगभग 1 किलोग्राम सोना था, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 1.5 करोड़ रुपये है। अचानक परिवार सहित गायब होने से सर्राफा कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। व्यापारियों ने पुलिस को आवेदन देकर मामले की जांच कर आरोपी को जल्द पकड़ने की मांग की है।

### बृहन्महाराष्ट्र मंडल का 74वां अधिवेशन संपन्न, देवास की मेजबानी की हुई सराहना

# कुंभोजकर राष्ट्रीय अध्यक्ष और कर्पे राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हुए निर्वाचित





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

बृहन्महाराष्ट्र मंडल, नई दिल्ली के 74वें त्रिवार्षिक अधिवेशन का तीन दिवसीय भव्य आयोजन रविवार को देवास में संपन्न हुआ। अधिवेशन के अंतिम दिन जहाँ मंडल की नई राष्ट्रीय कार्यकारिणी के चुनाव संपन्न हुए, वहीं कला और संस्कृति के अनूठे संगम ने देशभर से आए प्रतिनिधियों का मन मोह लिया। अधिवेशन के जनसंपर्क प्रभारी उदय टाकलकर, अतुल मद्धव एवं शिरीष खड़ीकर ने संयुक्त रूप से विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि अधिवेशन के अंतिम सत्र में सत्र 2026-2029 के लिए नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। जबलपुर के दिलीप कुंभोजकर को निर्विरोध राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया। स्थानीय स्तर पर हर्ष की लहर तब दौड़ गई जब देवास के दीपक कर्पे को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के महत्वपूर्ण पद पर निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। कार्यकारिणी के अन्य प्रमुख पदों पर-प्रधान कार्यवाह शेखर अमीन (रायपुर), कार्यवाह प्रशांत बडवे (इंदौर), कोषाध्यक्ष यशोवर्धन फाटक (इंदौर), महिला उपाध्यक्ष पूनम कुलकर्णी (भोपाल), सह-कोषाध्यक्ष नितिन कपिलेश्वरकर (बेलगाँव), मालवा विभागीय सुनील धर्माधिकारी (इंदौर), विभागीय कार्यवाह सर्वोत्तम जोशी (तेलंगाना) विजयी रहे। निर्वाचन अधिकारी शरयू वाघमारे ने ट्रिब्यूनल सदस्य दिनेश शिंदे (बड़ौदा),प्रकाश कोरडे (देवास) एवं संजय कोटस्थाने के सहयोग से संपूर्ण चुनाव प्रक्रिया निष्पक्ष सम्पन्न करवाई तथा निर्वाचित समस्त पदाधिकारियों को विधिवत प्रमाण पत्र प्रदान किए।

### कला दीर्घा बना आकर्षण का केंद्र

अधिवेशन में इंदौर के ख्यात पक्षी प्रेमी डॉ. अरुण खेर द्वारा प्रदर्शित दुर्लभ कलाकृतियों ने दर्शकों को अचंभित कर दिया। डॉ. खेर ने पिस्ते और अंडे के छिलकों पर सूक्ष्म चित्रकारी कर अपनी अद्भुत कला का परिचय दिया। साथ ही, सागर की संध्या सरवटे की चित्रकारी की प्रदर्शनी को भी काफी सराहना मिली। इन प्रदर्शनियों का शुभारंभ पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन के कर-कमलों द्वारा हुआ। ताई ने दोनों कलाकारों की कला की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए इसे बड़ी उपलब्धि बताया।

### देवास महाराष्ट्र समाज की प्रशंसा

नवीन कार्यकारिणी के भव्य स्वागत के साथ ही देशभर से आए अतिथियों ने देवास की मेजबानी को सराहा। फरीदाबाद के शांताराम राजे, लखनऊ के धनंजय मोघे और बिलासपुर के शैलेंद्र गोवर्धन आदि ने सफल और सुव्यवस्थित आयोजन के लिए महाराष्ट्र समाज, देवास के समस्त पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की विशेष प्रशंसा की।

### महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया

**देवास।** रविवार को मां कैला देवी चौराहा स्थित अग्रकुल प्रवर्तक अग्रवाल समाज के आराध्य देव श्री श्री 1008 महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर रविवार को सामाजिक कार्यकर्ता चंद्रकुमार गुप्ता (प्रतिभा गारमेंट्स), विधायक प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, समाज अध्यक्ष सोहन अग्रवाल द्वारा माल्यार्पण समाज के वरिष्ठ प्रेम कुमार अग्रवाल, विजय कैलाशचंद्र गोयल,, ताराचंद सिंघल, शरद अग्रवाल, कैलाश अग्रवाल हरदा, हुकमचंद अग्रवाल, भगवान गोयल, ओमप्रकाश बंसल आदि उपस्थित थे।

# माहेश्वरी महिला मंडल ने मनाया फाग उत्सव



हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

नगर मे माहेश्वरी धर्मशाला में माहेश्वरी समाज महिला मंडल द्वारा फाग उत्सव मनाया गया जिसमें एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली पर्व की बधाई दी गई। अध्यक्ष प्रेमलता लाहोटी, सचिव विजया बजाज, उपाध्यक्ष अर्पिता चिचाणी, कोषाध्यक्ष बृजबाला हेड़ा, सहसचिव संगीता लाहोटी, प्रचार प्रसार मंत्री सारिका सारडा के तत्वाधान में गुलाल एवं फूलों से फाग उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर समस्त माहेश्वरी समाज की सभी महिलाएं उपस्थित थी।

## 2 साल से बंद है भोजन केंटीन, किसानों ने जताई नाराजगी

# कृषि उपज मंडी खुजनेर में नीलामी देर से शुरू होने पर किसानों ने किया हंगामा





हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुजनेर

कृषि उपज मंडी खुजनेर एक बार फिर अव्यवस्थाओं को लेकर चर्चा में है। शुक्रवार को व्यापारियों द्वारा कम भाव में फसल खरीदी के विरोध में किसानों ने चक्काजाम किया था, जिसमें प्रशासन ने आकर किसानों को समझाकर जाम खुलवाया था। परंतु इसक बाद भी मंडी प्रबंधन ने कोई सीख नहीं ली और हालात जस के तस बने रहे। लगातार परेशानियां झेल रहे किसानों का एक बार फिर सोमवार को आक्रोश फूट पड़ा जब सुबह 11 बजे तक नीलामी प्रक्रिया शुरू नहीं हुई नाराज किसानों ने मंडी कार्यालय के सामने जमकर हंगामा किया। किसानों का आरोप है कि मंडी में अक्सर दोपहर 12 बजे के बाद ही बोली शुरू होती है। साथ ही यहां पिछले दो वर्षों से भोजन केंटीन की कोई व्यवस्था नहीं है। चाय पानी के साथ साथ भोजन के लिए भी परेशान हो रहे किसानों ने जमकर बबाल काटा।

### थाना प्रभारी की मौजूदगी में शुरू हुई बोली

किसानों का कहना है कि वे रात से ही फसल लेकर मंडी पहुंच जाते हैं, लेकिन दिनभर भूखे रहने को मजबूर हैं। सूचना मिलने पर पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचा थाना प्रभारी रवि ठाकुर ने किसानों को समझाइश दी, जिसके बाद पुलिस की मौजूदगी में नीलामी प्रक्रिया शुरू करवाई गई

### गुस्साए किसानों ने लगाए आरोप

किसान सिद्धनाथ दांगी (ग्राम लिम्बोदा) ने बताया कि वे चने की उपज लेकर मंडी आए थे। मंडी खुलने का समय सुबह 11 बजे निर्धारित है, लेकिन नीलामी दोपहर 12बजकर 30 बजे शुरू की गई। उन्होंने कहा कि मंडी में 7 व्यापारियों के लाइसेंस हैं, परंतु केवल 2 व्यापारी ही बोली लगाते हैं, जिससे प्रतिस्पर्धा कम होती है और किसानों को उचित मूल्य नहीं मिल पाता किसानों ने यह भी बताया कि कृषि उपज मंडी नीमच, कृषि उपज मंडी पचोर, कृषि उपज मंडी खिलचीपुर और कृषि उपज मंडी जीरापुर में 5 रुपये में भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है, जबकि खुजनेर मंडी में पिछले दो साल से केंटीन बंद पड़ी है किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि नीलामी समय पर शुरू हो और भोजन व्यवस्था तत्काल बहाल की जाए, ताकि किसानों को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े।

### इनका कहना है...

मुझे प्राप्त शिकायत के संबंध में मंडी प्रशासन को निर्देशित किया गया है कि किसानों द्वारा लाए गए माल की गुणवत्ता की उचित जांच करने के बाद ही भाव निर्धारित किए जाएं। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि व्यापारियों द्वारा किसानों को किसी प्रकार का कम या अनुचित भाव न दिया जाए। व्यापारियों को बैंकों से पर्याप्त नकद भुगतान उपलब्ध नहीं होने के कारण मंडी में खरीदी कार्य देर से प्रारंभ हुआ है। इस समस्या के समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों से समन्वय किया जा रहा है मंडी परिसर में भोजन कैंटीन को पुनः प्रारंभ कराने के लिए मंडी सचिव से चर्चा की गई है इसे शीघ्र चालू करवाया जाएगा।

**निधि भारद्वाज, एसडीएम, राजगढ़**

# हाइड्रेशन थेरेपी और इंजेक्शन की मदद से निकाली मूत्रमार्ग से 8 मिमी की पथरी

## रेफर होने की स्थिती में डॉ अंकुर ने दिखाया हौसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

सर्जन अंकुर देशवाली जिले के क्रिटिकल मरीजों के इलाज के लिए सदैव तैयार रहते हैं फिर चाहे दिन हो या रात। क्रिटिकल सर्जरी एक्सपर्ट के रूप में अपनी पहचान बनाने वाले डॉ अंकुर ने एक बार फिर लगभग भोपाल रेफर होने वाले मरीज का इलाज जिला अस्पताल में ही कर दिया और वह भी बिना आर्थिक भार डाले।

मामला राजगढ़ निवासी 35 वर्षीय शकूर खान का है जिन्हें पेशाब रुकने और पेट फूलने की शिकायत के साथ 22 फरवरी को रात 8 बजे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। कैथेटर लगाने का प्रयास किया गया, लेकिन वह ठीक से काम नहीं कर रहा था व मरीज का मूत्र निकासी



आसानी से नहीं जा रहा पाया। कैथेटर लगाने के बाद मरीज को रक्तस्राव होने लगा। फिर मूत्राशय में सीधे डाला लगाया गया और पेशाब निकलने शुरू कर दिया।

### पथरी का पता चलने पर की हाइड्रेशन थेरेपी

इसके बाद अल्ट्रासाउंड किया गया, जिसमें मूत्राशय और मूत्रमार्ग में पथरी होने का संकेत मिला। बाद में मरीज का इलाज राजगढ़ जिला अस्पताल में भोपाल हमीदिया रेफर करने की सलाह दी गई। फिर सोमवार को अटेंडर डॉ. अंकुर देशवाली के पास गए। उन्होंने उन्हें भरोसा दिलाया कि इसका इलाज राजगढ़ जिला अस्पताल में किया जा सकता है या जरूरत पड़ने पर ऑपरेशन करके इसे निकाला जा सकता है। उन्हें हाइड्रेशन थेरेपी, इंजेक्शन और पथरी निकालने के लिए बोतल से दवा दी गई। 1 मार्च 2026 को लगभग 8 मिमी की पथरी निकाली गई। मरीज ने 2 लीटर पेशाब किया। मरीज स्वस्थ और आरामदायक स्थिति में है। मरीज को 2 मार्च को छुट्टी दे दी गई।

## गोगटपुर परीक्षा केंद्र पर शांतिपूर्ण संपन्न हुई कक्षा 5वीं-8वीं की परीक्षाएं



गोगटपुर। शासकीय एकीकृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोगटपुर में संचालित कक्षा पाँचवीं एवं आठवीं की बोर्ड परीक्षाएं सोमवार को सफलतापूर्वक एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हो गईं। अंतिम दिवस पर भी परीक्षा निर्धारित समय पर प्रारंभ होकर सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हुई। परीक्षा अवधि के दौरान समस्त व्यवस्थाएँ संतोषजनक रहीं। केंद्राध्यक्ष, सहायक केंद्राध्यक्ष, संकुल प्रभारी, जनशिक्षक एवं सभी पर्यवेक्षकों के समन्वित प्रयासों से परीक्षाएं निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से आयोजित की गईं। परीक्षाओं की समाप्ति पर बीआरसी गजेंद्र शर्मा ने केंद्र पर उपस्थित समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने परीक्षा संचालन में सहयोग, अनुशासन एवं जिम्मेदारीपूर्ण कार्य के लिए सभी की सराहना की तथा कहा कि सभी के सामूहिक प्रयास से ही परीक्षा कार्य सफलतापूर्वक सम्पन्न हो सका। विद्यालय परिवार ने भी सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार सहयोग बनाए रखने की बात कही।

# खेड़ापति हनुमान मंदिर की चोरी गई दान पेटी जंगल में टूटी मिली, जांच जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

पड़ाना नगर के जाटव मोहल्ला स्थित प्रसिद्ध खेड़ापति हनुमान मंदिर से चोरी हुई दान पेटी रविवार देर शाम मंदिर के पीछे जंगल क्षेत्र में टूटी हुई अवस्था में बरामद की गई। अज्ञात चोर बीते सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात मंदिर परिसर में रखी दान पेटी को उठाकर ले गए थे। घटना के बाद से क्षेत्र में आक्रोश का माहौल बना हुआ था।

जानकारी के अनुसार, जाटव मोहल्ले के पीछे स्थित जंगल में इमली के पेड़ के पास कुछ बच्चे इमली खाने पहुंचे थे। इस दौरान उनकी नजर एक प्लास्टिक के बोरे में लिपटी वस्तु पर पड़ी। संदेह होने पर बच्चों ने पास जाकर देखा तो बोरे में मंदिर की दान पेटी दिखाई दी, जिसका निचला हिस्सा टूटा हुआ था। बच्चों ने तुरंत इसकी सूचना ग्रामीणों को दी। मोहल्ले के लोगों को पहले से ही मंदिर से दान पेटी चोरी होने की जानकारी थी। खबर फैलते ही बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्र हो गए। इसके बाद पुलिस चैकी पड़ाना को सूचना दी गई। पुलिस टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर दान पेटी को जब्त कर लिया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपियों ने दान पेटी का पेंदा तोड़कर उसमें रखी दान राशि निकाल ली और खाली पेटी को बोरे में बंद कर जंगल में फेंक दिया। फिलहाल पुलिस आसपास के क्षेत्र में संदिग्धों की तलाश कर रही है। अभी तक आरोपियों का कोई सुराग नहीं लग सका है। पुलिस ने मामले में जांच तेज कर दी है।

# अहिरवार समाज द्वितीय सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियां जोर-शोर पर

## जिनके पालक नहीं हैं, उनका विवाह सम्मेलन में होगा निशुल्क



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर

आदर्श अहिरवार समाज दूसरा सामूहिक विवाह सम्मेलन खिलचीपुर में होगा। जिसमे गरीब परिवार के लिए एक अनुकरणीय कदम है। खिलचीपुर में दूसरा सम्मेलन रखा जाएगा और सभी समाजों को ऐसे आयोजनों के लिए पहल करनी चाहिए। ऐसे आयोजनों से सभी लोग आपसी भाईचारा और सौहार्द स्थापित होता है।

रविवार को नहारदा मंदिर पर अहिरवार समाज सामूहिक सम्मेलन की बैठक रखी गई। बैठक में संत रविदास महाराज को छायाप्रति पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित कर बैठक अयोजित की गई। बैठक में खिलचीपुर जीरापुर मचालपुर रामगढ़ कोटा झालावाड़ राजस्थान क्षेत्र के जनप्रतिनिधी, शिक्षक, कर्मचारी सहित 200 से अधिक नागरिक मौजूद हुए। बैठक में सभी की सहमति से निर्णय हुआ की द्वितीया सम्मेलन खिलचीपुर में रखा जाएगा। सम्मेलन को लेकर बैठक आयोजित की गई। जिसमे राजस्थान सहित कोटा झालावाड़ माचलपुर जीरापुर खिलचीपुर के नागरिक शामिल हुए। बैठक सम्मेलन समिति के अध्यक्ष प्रभुलाल सिकरवार और उपाध्यक्ष रूपचन्द्र वर्मा, पुनम चंद्र, वर्मा को बनाया गया। वहीं सम्मलेन समिति सम्मलेन समिति कार्यकारणी गठित की गई।

### 20 अप्रैल को होगा अहिरवार समाज वर वधु विवाह सम्मेलन

अहिरवार समाज का सामुहिक विवाह सम्मेलन छोटा मेला ग्राउंड में 20 अप्रैल सम्मलेन रखा जाएगा सम्मलेन में समाज द्वारा वर वधु को निशुल्क सोने के मगलसूत्र, चांदी की पायजंब, गोदरेज आलमारी, बिस्तर बेट, सात बर्तन, सहित वर वधु को अनेकों उपहार समिति द्वारा दिया जाएगा। विशेष अतिथि प्रभुलाल सिकरवाल ने कहा कि खिलचीपुर छोटा मेला ग्राउंड पर अहिरवार समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन में जिन बच्चों के माता पिता नही है उनके पुत्र पुत्री का निशुल्क विवाह सम्मेलन में किया जाएगा। सम्मेलन समिति द्वारा अनेकों उपहार दिया जाएगा। समिति की तरफ से चांदी को पाईजंब, गोदरेज आलमारी, बिस्तर बेट, सात बर्तन सहित अनेकों उपहार दिया जाएगा।

### अहिरवार समाज सम्मेलन आयोजित बैठक में लिए कई निर्णय

नहारदा मंदिर परिसर में हुई अहिरवार समाज की बैठक में समाज में जागरूकता लाने के लिए कई निर्णय लिया गया जिसमे शादी ब्याह कपड़ा प्रथा बंद होना चाहिए, नातरा प्रथा बंद होना चाहिए , नुक्था प्रथा बंद करन समाज के लोग शराब के ज्यादा अधीन होते जा रहे शराब पर प्रति बन्द होना चाहिए, बच्चो को शिक्षा दिलाना, वही , कस्बों व शहरों में समाज के लोगों के साथ बैठकें करेंगे। इनमें एकता का संदेश देने के साथ अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाएगा व समाज की उपलब्धियों का इतिहास बताया जाएगा। समाज के असंगठित होने के कारण अब तक राजनीति, नौकरियों, शिक्षा आदि में पर्याप्त स्थान नहीं मिल सका। शिक्षा के अभाव में कोई भी व्यक्ति या समाज विकास नहीं कर सकता। इसलिए समाज के बच्चों को ज्यादा से ज्यादा शिक्षित करने पर बल दिया जाएगा।

# छापीहेड़ा पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च, कानून व्यवस्थाएं बनाए रखना मुख्य उद्देश्य



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छापीहेड़ा

कानून हर जगह अपना कार्य समर्थकता के साथ सत्य निष्ठा निर्वहन करता है जो हमारी रक्षा के लिए सदैव उपस्थित भी रहता है। सोमवार को छापीहेड़ा में जनसेवा देश भक्ति के सिपाहियों ने मिलकर कदम से कदम की ताल से फ्लैग मार्च निकाला जिसे देख नगर के हर चैराहों पर कई जगह पर लोगों ने सेल्यूट मारकर पुलिस का सम्मान किया। क्योंकि पुलिस बल हमेशा सभी नगर वासियों की रक्षा के लिए 24 घंटे उपलब्ध रहते है त्योहारों के चलते अमन और शांति सद्भावना बनाए रखने के लिए बार-बार अपील कर चुकी है। इसलिए फ्लैग मार्च का मुख्य उद्देश्य यहां रहता है कि संवेदनशील क्षेत्रों में आम जनता के बीच सुरक्षा की भावना पैदा करना कानून व्यवस्था बनाए रखना और अपराधियों में भय पैदा करना यह पुलिस की दृश्यता बढ़ाता है और शांतिपूर्ण माहौल सुनिश्चित करने के लिए एक एक महत्वपूर्ण पुलिस का कदम होता है थाना छापीहैड़ा टीआई हुकुम सिंह मीणा तथा बड़ी संख्या में पुलिस बल एक साथ कदमताल से चलते दिखाई दिए।

## प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय ने 'ईश्वरीय रंगों की होली' कार्यक्रम उत्साह से मनाया



सारंगपुर। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, सारंगपुर द्वारा "ईश्वरीय रंगों की होली" कार्यक्रम बड़े ही उमंग-उत्साह और आध्यात्मिक वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ परमात्म याद एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रतिनिधि नीलेश वर्मा, महेश शर्मा, एल.एन. त्रिकार, जिला प्रभारी मधु दीदी तथा स्थानीय सेवाकेंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी भाग्यलक्ष्मी दीदी सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे। इस अवसर पर मधु दीदी ने आशीर्वचन देते हुए कहा कि "परमात्म प्रीत की होली ही सच्ची होली है।" उन्होंने सभी को होली का तिलक लगाकर शुभकामनाएं दीं और कहा कि भगवान शिव पर अर्पित की जाने वाली सामग्रीकृआक, धतूरा, बेर आदिकृहमारी बुराइयों के प्रतीक हैं, जिन्हें त्यागना ही सच्चे अर्थों में शिव अर्पण है। यदि हम परमात्मा शिव को मानते हैं तो उनकी शिक्षाओं को भी जीवन में धारण करना चाहिए। इस दौरान कई लोग मौजूद थे।

## स्वयं सहायता समूहों की रचनात्मकता बनी आकर्षण का केंद्र

# भैंसवामाता मंदिर में होली महोत्सव आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा/सारंगपुर

भैंसवामाता मंदिर परिसर सारंगपुर में मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा होली के अवसर पर रंगारंग होली महोत्सव एवं मेले का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के सभी ब्लॉकों से जुड़े स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता दर्ज की। यह कार्यक्रम ग्रामीण आजीविका, महिला सशक्तिकरण और स्थानीय उत्पादों के प्रोत्साहन के उद्देश्य से आयोजित किया गया। महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद रोडमल नगर ने शिरकत की और मिशन के अंतर्गत कार्यरत महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले, अनुविभागीय (राजस्व) अधिकारी निधि भारद्वाज, डिप्टी कलेक्टर डॉ. ज्योति राजोरे उपस्थित रहे।

### महिला समूहों द्वारा लगाए गए विविध उत्पादों के स्टॉल

साथ ही मेले की सबसे बड़ी विशेषता जिले के विभिन्न ब्लॉकों की महिला समूहों द्वारा लगाए गए विविध उत्पादों के स्टॉल रहे। जीरापुर ब्लॉक की महिलाओं ने पारंपरिक स्वाद के अनुरूप घरेलू स्नैक्स और होम डेकोरेशन सामग्री के आकर्षक स्टॉल लगाए, जिनमें हस्तनिर्मित सजावटी सामान और पैक्ड फूड आइटम शामिल थे। खिलचीपुर ब्लॉक के स्वयं सहायता समूहों ने पूरी तरह देसी पद्धति



से तैयार किए गए। ऑर्गेनिक दालों और मसालों का प्रदर्शन एवं विक्रय किया। जिससे ग्रामीण उत्पादों की गुणवत्ता और वैल्यू एडिशन को बढ़ावा मिला। सारंगपुर पड़ाना से महिला समूह ने हैंडलूम और ब्यावरा से महिला समूह ने घरेलू श्रृंगार की प्रियदर्शिनी लगाई। नरसिंहगढ़ से महिला समूह ने घरेलू उत्पाद जैसे खिलौने, घी, मसाले और खाद की प्रदर्शनी लगाई। राजगढ़ ब्लॉक की महिला समूहों ने प्राकृतिक अवयवों से बने घरेलू गुलाल एवं अन्य हर्बल रंगों के साथ-साथ पारंपरिक घरेलू व्यंजनों के स्टॉल संचालित किए, जिससे स्वदेशी व सुरक्षित रंगों के उपयोग का संदेश दिया गया। इसके साथ ही ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान से प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं द्वारा बनाए गए उत्पाद भी मेले में विशेष आकर्षण का केंद्र रहे, जो ग्रामीण कौशल विकास और उद्यमिता की सफल मिसाल प्रस्तुत करते हैं।

### महिलाओं की सामाजिक आर्थिक स्थिति भी हो रही सुदृढ़

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं की आर्थिक भागीदारी बढ़ने से न केवल परिवार की आय में वृद्धि होती है, बल्कि गांवों की सामाजिक आर्थिक स्थिति भी सुदृढ़ होती है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि इस प्रकार के मेलों से महिला समूहों को बाजार की समझ, ब्रांडिंग, पैकेजिंग और ग्राहक से सीधे संवाद का अनुभव प्राप्त होगा, जो उन्हें आगे चलकर सफल उद्यमी के रूप में स्थापित करने में सहायक होगा। होली महोत्सव के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों, लोकगीतों और पारंपरिक होली गीतों की प्रस्तुतियों ने वातावरण को उल्लासमय बना दिया। पूरे कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से संगठित स्वयं सहायता समूह, परंपरा, संस्कृति और आधुनिक ग्रामीण उद्यमिता को एक साथ जोड़कर आत्मनिर्भरता की राह पर आगे बढ़ रहे हैं।

## शांत, स्वच्छ वातावरण होगा तैयार, लगेंगी बेंच

# मुक्तिधाम का होगा कायाकल्प विधायक ने किया भूमि पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छापीहेड़ा

नगर छापीहेड़ा के वार्ड क्र. 9 में स्थित मुक्तिधाम को एक करोड़ रुपए के आसपास की सौगात मिली है। विधायक ने भूमि पूजन किया। सुंदरीकरण के लिए एक शांत, स्वच्छ और सम्मानजनक वातावरण तैयार होगा। साथ-साथ आधुनिक विद्युत व्यवस्थापथ एवं बैठने के लिए बेंचछायादार पेड़-पौधे और स्वच्छ शौचालय निर्माण किया जा सकता है।

वैदिक मंत्रों के लिए भवन और 24x7 सुलभ सुविधाएँ भी सुंदरीकरण का अहम हिस्सा हैं अब देखना यह है कि किन-किन बिंदुओं पर परिषद की मोहर लगती है। वही खिलचीपुर विधायक हजारीलाल दांगी ने कहा की कांग्रेस उपाध्यक्ष राजेश टाक ने मेरे से अभी-अभी कहां है कि जो कार्य नगर परिषद में




मुन्ना बाबू रामपुरिया के कार्यकाल में हुआ था उससे अधिक कार्य अब अध्यक्ष देव बाई खटीक के कार्यकाल में हो रहा है। वहीं दांगी ने कहा की कांग्रेस और भाजपा सिर्फ चुनाव के समय करना चाहिए उसके बाद तो विकास की बात होनी चाहिए और हर तरफ विकास की गंगा बहनी चाहिए। क्योंकि हम जनप्रतिनिधियों को मिलजुलकर नगर व्यवस्थाओं को बढ़ावा देने में महत्वपूर्णता रखनी चाहिए मुक्तिधाम विकास कार्य के भूमि पूजन के इस मौके पर नपा अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष नपा सीएमओ हरिओम शर्मा श्रीराम नागर शिवा इंग्ले तथा पार्षद प्रतिनिधि नीरज सेठिया पार्षद दुर्गा प्रसाद वर्मा बंटी भामी कैलाश पाटीदार अमित झंझावात मोतीलाल शर्मा भाजपा के सभी वरिष्ठ कार्यकर्ता नगर के गणमान्य नागरिक तथा पत्रकार साथी इस कार्यक्रम में मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### सीहोर की युवा अधिकारी बनीं माय भारत की डिप्टी डायरेक्टर

**सीहोर।** भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत कार्यरत माय भारत सीहोर की जिला युवा अधिकारी निक्की राठौर को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए पदोन्नत किया गया है। अब वे माय भारत में उप निदेशक के महत्वपूर्ण पद पर अपनी सेवाएं देंगी। अपनी अद्वितीय कर्मठता और लगनशीलता के लिए पहचानी जाने वाली निक्की राठौर ने अपने कार्यकाल में हमेशा बेहतरीन परिणाम दिए हैं। उनकी युवाओं के प्रति सकारात्मक सोच और युवा तथा सामाजिक विकास की सशक्त विचारधारा ने क्षेत्र के युवाओं को राष्ट्र निर्माण की दिशा में प्रेरित करने का कार्य किया है। निक्की राठौर ने मध्य प्रदेश के कई प्रमुख जिलों में जमीनी स्तर पर कार्य किया है। उन्होंने सीहोर सहित भोपाल, विदिशा, नर्मदापुरम आदि जिलों में एक सफल युवा अधिकारी के रूप में कार्य करते हुए अपनी प्रशासनिक क्षमता और दूरदर्शिता का परिचय दिया है। इन जिलों में उनके द्वारा चलाए गए युवा सशक्तिकरण और जागरूकता अभियानों की व्यापक सराहना होती रही है। इस उपलब्धि और पदोन्नति पर विभाग के अधिकारीयों, हिताय के संस्थापक उमेश, सीहोर के युवाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और गणमान्य नागरिकों ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ प्रेषित की हैं।

### 69,435 प्रकरणों का हुआ निराकरण

**सीहोर।** संकल्प से समाधान अभियान की योजनावार समीक्षा बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अधिक से अधिक नागरिकों के प्रकरणों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि अभियान के तहत निर्धारित तिथियों पर शिविर अनिवार्य रूप से आयोजित किए जाएं तथा संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी पूर्ण तैयारी के साथ उपस्थित रहें, ताकि आमजन को त्वरित राहत मिल सके। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि अभियान का उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं का मौके पर समाधान करना है। नगरीय निकायों की प्रगति की समीक्षा के दौरान भैरूंदा के सीएमओ के अनुपस्थित रहने पर कलेक्टर ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की तथा उनके विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि वे गत टीएल बैठक में भी बिना अनुमति मुख्यालय से बाहर पाए गए थे। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि बैठक एवं शिविरों में अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित की जाए, अन्यथा अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। बैठक में जानकारी दी गई कि जिले में अभी तक 71,251 आवेदन पत्र प्राप्त हुए जिसमें 69,435 प्रकरणों का निराकरण किया गया। वनाधिकार पट्टों के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर बालागुरू के. ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि एफआरए के तहत कार्रवाई सुनिश्चित किया जाए। वन ग्रामों को राजस्व ग्रामों में संपरिवर्तित करने की प्रगति की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने आवश्यक दस्तावेजी कार्यवाही, सीमांकन एवं अभिलेख अद्यतन की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए।


### पांच दिवसीय होली पर्व की हुई शुरूआत, रंग-गुलाल लगाकर दी बधाई

# शुभ मुहुर्त में होलिका दहन के बाद धुलेंडी पर निकली गेर, जमकर उड़ा रंग-गुलाल



निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, 4 मार्च बुधवार को बड़े बाजार में गणेश होली, 5 मार्च गुरुवार को राम मंदिर बुधवारा में श्री राम होली, 6 मार्च शुक्रवार को नजरगंज में राधाकृष्ण होली, 7 मार्च शनिवार को भाऊ बाबा मंदिर व कॉलोनी चौराहा पर होली तथा 8 मार्च रविवार को रंगपंचमी पर महादेव की होली मनाई जाएगी।





हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर में मंगलवार से पांच दिवसीय होली पर्व का शुभारंभ हो गया। होलिका दहन के बाद धुलेंडी पर शहर में गेर निकाली गई, जिसमें हुरियारों ने जमकर रंग-गुलाल उड़ाया। इस दौरान गमी वाले घरों में पहुंचकर भी रंग-गुलाल लगाया गया।इस वर्ष सरकार ने होली के लिए दो दिन (मंगलवार और बुधवार) की शासकीय छुट्टी घोषित की है। आष्टा शहर में परंपरा अनुसार पांच दिनों तक होली मनाई जाएगी। पहले यहां नवाबी होली मनाई जाती थी, जिसमें पूरा शहर पांच दिनों तक रंगों में सराबोर रहता था। हालांकि, पिछले चार वर्षों से शहर में महादेव की होली मनाई जा रही है।अब पांच दिनों की होली अलग-अलग क्षेत्रों में मनाई जाती है और रंग पंचमी को पूरे शहर में रंग खेला जाता है। रंग पंचमी के दिन दोपहर में शहर में एक जुलूस भी निकलता है, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरता है।विगत दिनों हिन्दू उत्सव समिति एवं हिन्दू समाज की प्रबंध समिति की बैठक में निर्णय लिया गया था कि होलिका दहन के बाद सुबह 9 बजे शोक गेर निकाली जाएगी। इस निर्णय का पालन आज से शुरू हो गया है। शहर में पांच दिनों तक अलग-अलग क्षेत्रों में होली खेली जाएगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, 4 मार्च बुधवार को बड़े बाजार में गणेश होली, 5 मार्च गुरुवार को राम मंदिर बुधवारा में श्री राम होली, 6 मार्च शुक्रवार को नजरगंज में राधाकृष्ण होली, 7 मार्च शनिवार को भाऊ बाबा मंदिर व कॉलोनी चौराहा पर होली तथा 8 मार्च रविवार को रंगपंचमी पर महादेव की होली मनाई जाएगी।रंग पंचमी का जुलूस आष्टा शहर के अस्पताल चौराहा परदेशीपुरा से शुरू होगा। यह बुधवारा मार्ग, गल चौराहा, मानसभवन रोड, सुभाष चौक, नजरगंज, सिकंदर बाजार और बड़ा बाजार से होते हुए पुरानी सब्जी मंडी में समाप्त होगा। जुलूस का स्वागत विभिन्न समाज संगठनों और मंदिर समितियों द्वारा किया जाएगा, जिसके लिए मोहल्लेवार प्रभारी नियुक्त किए गए हैं।इस दौरान स्थानीय विधायक गोपाल इंजिनियर, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राय सिंह मेवाड़ा, व्यापार महासंघ के अध्यक्ष रूपेश राठौर, हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष नारायण भूरू मुकाती, सकल समाज अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाह, मोहित



सोनी सहित अन्य शहर के गणमान्य लोग शहर वासियों को होली उत्सव की बधाई देते हुए नजर आए।

# पुलिस ने डीजे और बुलेट बाइकों पर की कार्रवाई

### डीजे और बाइक जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत के निर्देशन तथा अनुविभागीय अधिकारी दामोदर गुप्ता, थाना प्रभारी गिरीश दुबे के मार्गदर्शन में थाना आष्टा परिसर में समस्त आष्टा क्षेत्र के डीजे संचालकों एवं शादी/मैरेज गार्डन संचालकों की बैठक आयोजित की गई थी। बैठक के दौरान सभी को निर्देशित किया गया था कि आगामी कक्षा 10वीं व 12वीं की परीक्षाओं को दृष्टिगत रखते हुए तथा शासकीय भवन जैसे अस्पताल, न्यायालय, स्कूल, थाना आदि के आसपास डीजे बजाना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।उक्त निर्देशों के बावजूद ग्राम रिछाड़िया से आष्टा लाकर कन्नौद रोड पर ड्रेगन डीजे द्वारा रात्रि लगभग 12 बजे तक डीजे बजाया जा रहा था। सोशल मीडिया के माध्यम से सूचना प्राप्त होने पर थाना आष्टा पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर डीजे को बंद कराया गया तथा डीजे संचालक के विरुद्ध विधि अनुसार कार्रवाई करते हुए डीजे जप्त कर मध्यप्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के तहत प्रतिबंधित वैधानिक कार्रवाई कर प्रकरण पंजीवद्ध कर आरोपी विनोद पिता अजबसिंह मेवाड़ा निवासी ग्राम रिछाड़िया पर कार्रवाई की। साथ ही पिकअप वाहन जब्त किया।

### पटाखा बुलेट जब्त

पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियो को होली त्यौहार के मद्देनजर अपने अपने थाना क्षेत्र में प्रतिदिन वाहन चेकिंग, बाजार भ्रमण कर व्यवस्था बनाने व और असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई हेतु निर्देश दिए गए हैं। जिस के चलते थाना आष्टा मे वाहन चेकिंग व कस्बा भ्रमण के दौरान अलग-अलग स्थानों से मॉडिफाइड सायलेंसर लगी पांच बुलेट मोटर सायकिल जिनमे पटाखे फुटते है को मोटर व्हीकल एक्ट के अंतर्गत जप्त कर जुर्माना हेतु कार्यवाही की गयी। आष्टा पुलिस द्वारा आमजन से यह अपील की जाती है कि बुलेट मे मॉडिफाइड सायलेंसर का उपयोग ना करें जिससे ध्वनि प्रदूषण व दहसत का वातावरण बनता है व जन मानस को भी असुविधा होती है भविष्य मे चालक के विरुद्ध भी प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की जाएगी।



# समाज की वास्तविक उन्नति तभी संभव है जब प्रत्येक व्यक्ति को सम्मान और समान अवसर प्राप्त हो: भीमसेन मालवीय

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



शासकीय महाविद्यालय जावर नगर, जिला सीहोर, मध्य प्रदेश में 1 मार्च को शून्य भेदभाव दिवस के अवसर पर एक प्रेरणादायी कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य नरेंद्र कुमार शुक्ल के अध्यक्षीय संबोधन से हुआ। अपने संक्षिप्त उद्बोधन में उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों में समानता, सहिष्णुता और मानवीय मूल्यों का विकास करना है। उन्होंने कहा कि शून्य भेदभाव दिवस हमें यह संदेश देता है कि समाज की वास्तविक उन्नति तभी संभव है जब प्रत्येक व्यक्ति को सम्मान और समान अवसर प्राप्त हों। इसके पश्चात इतिहास विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर भीमसेन मालवीय ने मुख्य संबोधन प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि वर्ष 2014 में 1 मार्च को शून्य भेदभाव दिवस के रूप में मनाना प्रारंभ किया गया। इस दिवस का उद्देश्य विश्वभर में मानव गरिमा, समान अधिकार और भेदभाव-मुक्त समाज के निर्माण का संदेश देना है। अपने विचार रखते हुए उन्होंने विश्व के महान दार्शनिकों और चिंतकों के समतावादी सिद्धांतों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि जीन जैक्स रूसो ने सामाजिक असमानता को मानव-निर्मित बताया और समान अधिकारों पर आधारित समाज की कल्पना की। कार्ल मार्क्स ने वर्गभेद के विरोध में सामाजिक एवं आर्थिक समानता का सिद्धांत प्रस्तुत किया। भारतीय संदर्भ में महात्मा गांधी ने सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध संघर्ष किया तथा डॉ भीमराव अंबेडकर ने संविधान में समानता और सामाजिक न्याय की सुदृढ़ नींव रखी। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे जाति, धर्म, लिंग या किसी भी आधार पर भेदभाव न करें और एक समावेशी समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं। मुख्य संबोधन के उपरांत प्राध्यापक राकेश कुमार सोलंकी ने भी संक्षिप्त विचार व्यक्त करते हुए कहा कि समानता को केवल भाषणों तक सीमित न रखकर व्यवहार में उतारना आवश्यक है। इस अवसर पर व्याख्यान के साथ-साथ पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने समानता और मानवाधिकार विषय पर सृजनात्मक अभिव्यक्ति प्रस्तुत की। कार्यक्रम में प्रीति कुशवाहा एवं विजय कुमार यादव की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। यह आयोजन विद्यार्थियों में समानता, सहिष्णुता और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को सुदृढ़ करने वाला प्रेरक अवसर सिद्ध हुआ।

# श्री राम नवमी शोभा यात्रा को लेकर हुई बैठक, भविष्य अध्यक्ष नियुक्त

### श्रीराम नवमी पर निकलेगी शोभा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी श्रीराम भक्त हनुमान मित्र मण्डल के तत्वाधान में श्रीराम नवमी के पावन अवसर पर भव्य श्रीराम नवमी शोभा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। जिसके निमित शोभा यात्रा के रूप रेखा हेतु विशाल बैठक का आयोजन स्थानीय राष्ट्रीयवीर दुर्गादास राठौर धर्मशाला, जोगी मोहल्ला गंज, सीहोर में किया गया था। जिसमें सबकी उपस्थिती में भविष्य राठौर को श्री राम नवमी शोभा यात्रा का भविष्य राठौर को अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस दौरान भविष्य राठौर में समस्त शहरवासियों नगरवासियों से इस भव्य शोभा यात्रा में शामिल होने की अपील की है और धर्म लाभ अर्जित करने कि बात कही है। भविष्य राठौर की नियुक्ति पर भीम व्यायाम शाला, माँ भवानी दुर्गा उत्सव समिति एवं केसरी नंदन झंडा उत्सव समिति गंज, सीहोर एवं समस्त सकल हिन्दू समाज ने शुभकामनाएँ दी है।

### अष्टानिका महापर्व के पावन अवसर पर की सिद्धों की आराधना

# महामंडल विधान, शांति महायज्ञ में शामिल हुए श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर मे अष्टानहिका का महापर्व के पावन अवसर पर परमपूज्य समाधिस्थ आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज वर्तमान आचार्य श्री समय सागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि श्री 108 अक्षय सागर जी महाराज एवं नवाचार मुनि श्री उपसम सागर जी महाराज की असीम कृपा और आशीर्वाद से 24 फरवरी से 4 मार्च तक सात दिवसीय सिद्धपुर की नगरी में सिद्धों की आराधना करते हुए नंदीश्वर द्वीप महामंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ दिगम्बर जैन पंचायत कमेटी ट्रस्ट समिति के तत्वाधान मे सकल जैन समाज द्वारा आयोजित धार्मिक अनुष्ठान के सप्तम दिवस श्रावक श्राविकाओ ने भक्ति भाव से 7 महा अर्घ समर्पित कर सिध्दो की आराधना कर धर्म लाभ अर्जित किया जिसमें सकल समाज ने अपने पुण्य को उदय करते हुए शुभारंभ किया।

जिसमें बहुत से लोगों ने अपनी चंचल लक्ष्मी का उपयोग करते हुए चतुर्दशी के महत्व पूर्ण दिवस एवं विमल जैन श्रीमती कृष्णा जैन शादी की 51 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य मे अभिषेक शांति धारा करने का प्रथम सौभाग्य विमल कुमार, सुनील कुमार, विशाल, विजय टोनी, शिलांग, अरनव, विवान जैन लिलेहरिया परिवार को तथा दिव्तीय अभिषेक अमृतपाल जैन जावड़िया वालो को प्राप्त हुआ। प्रति दिन प्रातः 6:30 बजे से मंगलाष्टक और अभिषेक शांतिधारा नित्य नियम पूजन अर्चना नंदीश्वर द्वीप महामंडल विधान पंडित कपिल जैन के निर्देशन मे श्रध्दालुओ ने भक्ति भाव धार्मिक अनुष्ठान कर रहे है। दिगम्बर जैन पंचायत कमेटी ट्रस्ट समिति अध्यक्ष अजय जैन ने समस्त श्रध्दालुओ से आग्रह किया है कि अधिक से अधिक संख्या मे पुनीत धार्मिक अनुष्ठान मे उपस्थित होकर धर्म लाभ अर्जित करे।

# कर्मचारी संघ इकाई ने नपाध्यक्ष और सभी पार्षदों का किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

होली त्यौहार के पूर्व नगर पालिका सीहोर के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नगर पालिका अध्यक्ष एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा लिये गये निर्णय के अनुसार वेतन दिये जाने पर मप्र नगर निगम नगरपालिका कर्मचारी संघ इकाई सीहोर द्वारा नपाध्यक्ष प्रिन्स विकास राठौर एवं समस्त पार्षदगण तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुधीर कुमार का आभार माना। आभार व्यक्त करने वालों में संजय शुक्ला जिला अध्यक्ष, भगवानदास राजपूत इकाई अध्यक्ष, विजय कोली, सहायक यंत्री, विष्णुप्रसाद मीना सहायक लेखाधिकारी, मुकेश राठौर लेखापाल, चन्द्रप्रकाश राठौर कार्यालय अधीक्षक कार्यकारिणी सदस्य जीवन सिंह दांगी, कमोद सिंह, हरीश सोलंकी, आनन्द कुशवाह, जितेन्द्र श्रीवास्तव, बाबूलाल वर्मा, राजदीप सिंह, अशोक शर्मा, वैभव लोवानिया, राजसिंह, स्वदेश विश्वकर्मा, जितेन्द्र नाथ, अनुभव सिंह बैस, शैलेन्द्र सिंह, प्रभात महेश्वरी, अनूप सिसौदिया, दानिश कुरैशी, हरीश राठौर, सपना मालवीय, हरिसिंह, जमील खां सहित समस्त कर्मचारीगण शामिल है।